# कार्यालय नगर पालिक निगम रतलाम म.प्र.

दिनांक 017–12–2020.

## –बैठक कार्यवृत दिनांक 17–12–2020–

दिनांक 17–12–2020 को दोप0 12.00 बजे स्वच्छ भारत मिशन ''स्वच्छ सर्वेक्षण 2021'' अन्तर्गत आयोजित बैठक में उपस्थिति निम्नानुसार रही :–

1– श्री भविष्य कुमार खोब्रागड़े, प्र0 उपायुक्त, नगरपालिक निगम–रतलाम.
2– श्री सुरेशचन्द्र व्यास, प्र0कार्यपालन यंत्री,
3– श्री जी.के. जायसवाल, प्र0कार्यपालन यंत्री,
4– श्री एम.के. जैन, प्र0 कार्यपालन यंत्री, वि0शा0,
5– श्री श्याम कुमार सोनी–प्र0सहायक यंत्री, लोनिवि.,
6–– श्री अनवर कुरैशी–प्र0सहायक यंत्री, लोनिवि.,
7– श्री ए.पी.सिंह, प्र0स्वच्छता अधिकारी,
8– श्री राजेन्द्र मिश्रा–उप यंत्री,.
9– श्री राजेश पाटीदार–उप यंत्री,.
10– श्री विकाससिंह मरकाम–उप यंत्री,
11– श्री मनीष तिवारी–उप यंत्री,
12– श्री सिद्धार्थ सोनी–उप यंत्री,
13– श्री सुहास पंडित–उप यंत्री,
14– श्री भैयालाल चौधरी–उप यंत्री.
15– सुश्री दिक्षा निजामपुरकर–उप यंत्री,
16– श्रीमती अनिता ठाकुर–उप यंत्री,
17– श्री कपिल मारोठिया–सिटी मिशन मैनेजर,
18– श्री नितिन तिवारी–सिटी मिशन मैनेजर,
19– श्री पर्वत हाड़े–प्र0स्वच्छता निरीक्षक,
20– श्री किरण कुमार चौहान–प्र0स्वच्छता निरीक्षक,
21– श्री अनिल कुमार पारा–उद्यान पर्यवेक्षक,
22– श्री धर्मेन्द्र दोगाया–उद्यान पर्यवेक्षक,
23– श्री शैलेन्द्र गोठवाल–सहायक वर्ग–3,
24– श्री वासुदेव बैरागी–सहायक राजस्व निरीक्षक,
25– श्री प्रमोद तिवारी–स्टेनोग्राफर,
26– श्री हेमन्त बंदोड़िया–स्थायीकर्मी,
27– श्री हरिश शर्मा टेलीफिल्म निर्माता,
28– नगर निगम की सहयोगी संस्था ICT आस्था के टीम लीडर श्री फिरोज,
29– अन्य सहयोगी टीम सदस्य,



Scanned with CamScanner

निगम की सहयोगी संस्था ICT आस्था के टीम लीडर श्री फिरोज व अन्य द्वारा दिनांक 10–12–2020 से विगत एक सप्ताह में किये गए कार्य के बारे में अवगत कराया गया कि 2–2 लोग अलग–अलग व पूरी गली को कवर करते हैं व कचरा सेग्रीग्रेटेड करें व इस हेतु नागरिकों को प्रेरित करते हैं व कचरा गाड़ी नहीं आती है नगर निगम में सूचना दें इस हेतु उन्हें अवगत कराया जाता है । साथ ही गीला कचरा–सूखा कचरा के संबंध में जानकारी देते हैं कि गीला कचरा व सूखा कचरा अलग–अलग डस्ट बिन में रखें ।

इस पर निर्देशित किया गया कि आप काम कर रहे हैं तो पूरे शहर में यह दिखना चाहिए कि टीम पूरी ताकत से लगी हुई है, हर घर से कचरा उठे व हर घर से सेग्रीग्रेटेड कचरा निकले एवं इनके डस्ट–बिन अलग–अलग होना चाहिए सूखा कचरा व गीला कचरा हेतु । टीम के द्वारा प्रत्येक सदस्य द्वारा किये जाने वाले प्रति दिन के कार्य का रिकॉर्ड रखा जावे ।

बैठक के दौरान विचार–विमर्श के दौरान निम्नानुसार निर्देश दिये गए :–

1– स्वच्छ भारत मिशन हेतु नियुक्त सभी नोडल अधिकारी एवं कर्मचारी प्रातः 7.00 बजे से प्रति दिन भ्रमण करें व सार्वजनिक स्थलों पर अव्यवस्थित रूप से रखी गई निर्माण सामग्री को जब्त कर अर्थदण्ड की वसुली की जाए ।

2– सीटीपीटी अन्तर्गत पूर्व में भी दिये गए निर्देश अनुसार रिपेयरिंग, पुताई, नल की टोटी टूटी होने पर ठीक करवाने, वायरिंग निकली हो तो ठीक करवायी जाए एवं यूरिनल की व्यवस्था को भी देखा जाए।

3– कुछ पुलियाओं के वहां पर कचरा फेंका जाता है इस हेतु दिनांक 07–12–2020 की बैठक में उक्त पुलिया के यहां पर वायरमेश जाली लगाने के निर्देश दिये गए थे उक्त स्थानों का कार्य तत्काल करवाया जावे।

4– सभी सार्वजनिक स्थानों पर जिस–जिस उप यंत्री के क्षेत्र में दीवारें हैं उन पर चित्रकारी/पेटिंग करवायी जाए ।

5– सीटीपीटी में जहां 20–20 लिखा है इसे हटवा कर वहां ''स्वच्छ सर्वेक्षण 2021'' लिखवाया जावे ।

6– दीवारों की चित्रकारी/पेंटिंग हेतु पूर्व बैठक में दिये गए निर्देश अनुसार उक्त स्थानों पर चित्रकारी/पेंटिंग का कार्य कराया जाए।



Scanned with CamScanner

7— एलईडी का कार्य करवाया जाए, साथ ही सेन्ट्रल लाईट के जो पोल खराब हैं/जंग लग गया है उस पर सिल्वर कलर करवाया जाए।

8— स्पाट फाईन करने के कार्य में तेजी लायी जाकर इसमें प्रगति लायी जावे ।

9— खुले में शौच को प्रतिबंधित किये जाने हेतु जो खुले में शौच करे उसे आइडेन्टीफाईड कर उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करें । साथ ही खुले में पेशाब करने वाले के विरूद्ध भी कार्यवाही की जावे ।

10— कचरा संग्रहण वाहन के हेल्पर द्वारा घर–घर से सूखा व गीला कचरा अलग–अलग लिया जाए व डस्ट बिन में मिक्स कचरा होने पर उसे नहीं लिया जावे ।

11— कचरा संग्रहण वाहन के किसी ड्रायर, हेल्पर द्वारा मिक्स कचरा (सूखा/गीला) लिया तो उस पर सख्त अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावेगी एवं प्र0स्वच्छता निरीक्षक व प्र0स्वच्छता अधिकारी का भी उत्तरदायित्व निर्धारित किया जावेगा ।

12— हर घर में सूखे व गीले कचरे हेतु पृथक–पृथक डस्ट बिन रखा जावे । "स्वच्छ सर्वेक्षण 2021" हेतु जनता को जागरूक किया जावे । इस हेतु निगम स्टाफ व सहयोगी संस्था को निर्देशित किया गया कि सूखा व गीला कचरा अलग–अलग रखें यह कार्य 100 प्रतिशत हो, मीडिया में सहयोगी संस्था की एक्टिविटी प्रमुखता से रहे, इस हेतु जनसम्पर्क विभाग के श्री हेमन्त बंदोड़िया ( मोबा. नं0 9644000604) से सम्पर्क करें । हमको पूरी ताक़त के साथ रतलाम को पूरे देश में नं0 01 बनाना है। साथ ही दिन भर की एक्टिविटी की जानकारी मुझे (मोबा.नं. 9644000400) पर मिलती रहे । न0नि0 की वेवसाईट rmcratlam व "मैं बनाउंगा रतलाम को नं0 01" पर जो भी काम है वह शाम 5.00 बजे तक भेजा जावे ।

13— श्री शैलेन्द्र गोठवाल सहायक वर्ग–3 द्वारा चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि रेल्वे प्लेटफार्म नं0 07 के यहां/रेल्वे परिसर के अन्दर लोग खुले में शौच करते हैं, इसे रोके जाने हेतु रेल्वे विभाग को पत्र प्रेषित किया जावे कि वहां स्थित सुविधा घरों को समय पर खोला जावे, ताकि रेल्वे स्टेशन/प्लेटफार्म पर ठहरे लोग सुविधा घर का लाभ उठा सकें व खुले में शौच को रोका जा सके। स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा इस हेतु रेल्वे विभाग को पत्र प्रेषित किये जाने की कार्यवाही की जावे ।



Scanned with CamScanner

साथ ही औद्योगिक क्षेत्र स्थित कटारिया वायर्स फैक्ट्री हेतु जो ट्रक आकर बाहर खड़े रहते हैं उनके वाहन चालक व क्लीनर द्वारा फैक्ट्री के बाहर खुले में शौच किया जाता है, इसके निदान हेतु कटारिया वायर्स को निर्देशित किया जावे कि वहां आने–जाने वाले ट्रकों के वाहन चालक, क्लीनर को फेक्ट्री के अन्दर स्थित टायलेट की सुविधा उपलब्ध करवायी जाय । इस हेतु कटारिया वायर्स को नोटिस जारी किया जावे ।

इसके अतिरिक्त बड़ी सड़कों, सीवरेज, पाइप लाइन आदि प्रोजेक्ट का कार्य चल रहा है वहां पर भी उनके यहां पर कार्यरत श्रमिकों द्वारा खुले में शौच की स्थिति होने पर उनको भी इस हेतु नोटिस जारी किया जावे ।

14– सहयोगी संस्था के सदस्य द्वारा बैठक में यह अवगत कराया गया कि हमें स्वच्छ सर्वेक्षण 2021'' के अन्तर्गत कार्य सुविधा हेतु परिचय पत्र की आवश्यकता है । इस हेतु उन्हें निर्देशित किया गया कि वे अपना परिचय पत्र बनवाकर लायें जिसमें नाम, पता व मोबा. नं0 अंकित हो वह प्र0स्वच्छता अधिकारी श्री ए.पी. सिंह को प्रस्तुत करें उनके द्वारा परिचय पत्र दिये जाने का कार्य किया जावे ।

15– पब्लिक टायलेट के आसपास गंदगी नहीं हो इसके वीडियों के साथ शाम 5.00 बजे तक ''मैं बनाउंगा रतलाम को नं0 01'' में फोटो व विडियो तथा मेरे व श्री भविष्य कुमार खोब्रागड़े प्र0 पायुक्त के मोबा.नं0 9424066421 पर भेजा जावे।

16– कम्युनिटी टायलेट में भी सभी काम व्यवस्थित है इस हेतु सभी प्र0स्वच्छता निरीक्षक अपने–अपने क्षेत्र में चेक कर इसे सुनिश्चित करें व इसके फोटो व विडियो भेजेंगे ।

17– वेडिंग मशीन, इन्सीरेटर मशीन, हेंड ड्रायर मशीन व फीड बेक मशीन आदि को चेक कर लिया जावे कि कंपलीट है या नहीं। 02 दिन में इसे करवाया जावे ।

18– प्रत्येक वार्ड में 2 दिन में माडल एरिया देखा जावे जहां नालियां ढकी हो, डिवाईडर लगे हों, जाली लगी हो, फुटपाथ पर ग्रील लगी हो। इस हेतु उपयंत्री अपने क्षेत्र में चयन करे व हर वार्ड में कम खर्चे पर तैयारियां हो जाए व बड़े वार्ड में खर्चा अधिक लगे तो छोटे वार्ड में यह कार्य कर लें । इस हेतु अमृत सागर उद्यान व कस्तूरबा नगर (80 फीट के पास) स्थित उद्यान को देख लिया जावे ।



Scanned with CamScanner

19– डस्ट बिन (35±40=65) हेतु वेल्डिंग विभाग से स्टेंड बनाये जाने हेतु निर्देश दिये गए। श्री एम.के. जैन प्रभारी अधिकारी–कर्मशाला विभाग द्वारा इस हेतु कार्यवाही की जावे ।

20– श्री हरिश शर्मा (टेलिफिल्म निर्माता) द्वारा यह अवगत कराया गया कि प्रशासन बहुत मेहनत कर रहा है लेकिन पब्लिक का इनवाल्वमेंट इतना नहीं है कि पब्लिक आपके साथ काम करेगी । लोगों को मोटिवेशन करना है इसमें पब्लिक को इमोशनली इनवाल्व करना है । छोटे–छोटे ग्रुप बनाएंगे व लोगों को इनवाल्व करें, गीत बनायें। प्रशासनिक क्षेत्र, ग्रहिणियां, पब्लिक भी हमारे साथ आएगी तो अच्छा रहेगा ।

21– श्री नवीन बैरागी द्वारा बैठक कार्यवृत को निगम वेवसाईट rmcratlam पर अपलोड किये जाने का कार्य किया जावे ।

उक्तानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित किया जावे ।

सही/
(सोमनाथ झारिया)
आयुक्त
नगर पालिक निगम रतलाम

पृ0क्र0/ 1041 /नि.स./2020

रतलाम, दिनांक 18–12–2020

प्रतिलिपि,

1– कलेक्टर एवं प्रशासक महोदय, नगरपालिक निगम.रतलाम की ओर अवलोकनार्थ प्रेषित ।

2– समस्त विभाग प्रमुख, नगर पालिक निगम–रतलाम,

3– संबंधित श्री ________________________________________

नगर पालिक निगम, रतलाम की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।

[signature] 17/12/2020
आयुक्त
नगर पालिक निगम रतलाम

Scanned with CamScanner